# कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद गाजीपुर।

**पत्रसंख्या- सो0मी0- स0कार्य/2022** **दिनांक 04/09/2025**

**सेवा में,**

**पुलिस उपाधीक्षक/स्टॉफ ऑफिसर**
**अपर पुलिस महानिदेशक,**
**वाराणसी जोन, वाराणसी, उ0प्र0।**

कृपया पत्र संख्याः41/छः-पु-3/2020,दिनांकः04/06/2020 का (छायाप्रति संलग्न) के परिपेक्ष्य में आप अपने पत्र संख्या सोशल मीडिया-(18/2020 का अवलोकन करें, जो पुलिस विभाग एवं उसकी अन्य इकाईयों द्वारा किये जाने वाले सराहनीय कार्यों एवं विशिष्ट उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार किये जाने विषयक है।
कृपया

उक्त के संबंध में सादर अवगत कराना है कि जनपद गाजीपुर के पुलिस कर्मियों द्वारा उत्कृष्ट/सराहनीय कार्य के संबंध में **दिनांक 03.09.2025** की संबंधित सूचना निम्नवत् है-

**01. थाना जमानियां पुलिस टीम द्वारा गुमशुदा 10 अदद मोबाइल फोन किया गया बरामद।**

श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय गाजीपुर व श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं श्रीमान् क्षेत्राधिकारी महोदय जमानियां के कुशल निर्देशन व पर्यवेक्षण में थाना जमानिया पुलिस एवं सीसीटीएनएस टीम द्वारा गुमशुदा/खोये हुए कुल 10 अदद मोबाइल फोन जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 02 लाख 20 हजार रूपये को बरामद किया गया।

उल्लेखनीय है कि गुम/खोए हुए मोबाइल के धारकों द्वारा CEIR पोर्टल पर अपने मोबाइल खोने के सम्बन्ध में पूर्व में विभिन्न तिथियों में प्रार्थना पत्र दिये गये थे,जिसके क्रम में थाना जमानियां पुलिस टीम द्वारा लगातार प्रयास करते हुए 10 अदद गुमशुदा/खोया हुआ मोबाइल की बरामदगी करते हुए आज दिनाँक-03.09.2025 को मोबाइल धारकों को सुपुर्द किया गया। मोबाइल धारकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए पुलिस की भूरी-भूरी प्रशंसा की।

**बरामदगी -**

10 अदद मोबाइल फोन (अनुमानित कीमत लगभग 02 लाख 20 हजार रूपये)

**2. थाना रामपुर माँझा पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 - 075/2025 धारा 137(2),352 बीएनएस के वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार व अपहृता सकुशल बरामद।**

अपराध व अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में उ0नि0 श्री फूलचन्द मिश्रा मय हमराह द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 - 075/2025 धारा 137(2), 352 बीएनएस में वांछित अभियुक्त राहुल कुमार को मुखबिर खास की सूचना पर पियरी बाजार के पास ईंट भट्टे पर जाने वाले रास्ते के पास से गिरफ्तार किया गया व अपहृता को सकुशल बरामद किया गया।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरूद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तारशुदा अभियुक्त का नाम व पता -**

1. राहुल कुमार पुत्र सुरेश कुमार ग्राम भद्रसेन थाना सैदपुर जनपद गाजीपुर उम्र 23 वर्ष

गिरफ्तारी का स्थान - पियरी बाजार के पास ईंट भट्टे पर जाने वाले रास्ते के पास से (अन्तर्गत थाना सैदपुर) जनपद गाजीपुर

## 3. थाना बरेसर पुलिस द्वारा चोरी के मुकदमें के वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार। कब्जे से 03 अदद पीतल का घण्टा व 16600/-रू नगदी बरामद।

अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत आज दिनांक 03.09.2025 को उ0नि0 राजेन्द्र प्रसाद व उ0नि0 कृष्ण कुमार पाण्डेय मय हमराह द्वारा थाना बरेसर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 125/25 धारा 303(2),317(2) बीएनएस व मु0अ0सं0 139/25 धारा 305(a),317(2) बीएनएस से सम्बन्धित अभियोग में प्रकाश मे आये अभियुक्त अनिल बनवासी को मुखबिर खास की सूचना पर देहन्दू अंडरपास के पास से गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से मु0अ0सं0 125/25 से सम्बंधित 03 अदद पीतल का घण्टा व मु0अ0सं0- 139/25 से सम्बंधित 16600/-रू नगदी बरामद की गई। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरूद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तारशुदा अभियुक्त का नाम व पता -**

1. अनिल बनवासी पुत्र मोहन बनवासी नि0ग्राम सिंहनी थाना बरेसर जनपद गाजीपुर उम्र 22 वर्ष

**अपराधिक इतिहास -**

1. मु0अ0सं0 139/25 धारा 305(a),317(2) बीएनएस थाना बरेसर
2. मु0अ0सं0 125/25 धारा 303(2),317(2) बीएनएस थाना बरेसर
3. मु0अ0सं0 32/24 धारा 60 आबकारी अधि0 थाना बरेसर

**गिरफ्तारी का स्थान** – देहन्दू अंडर पास पर थाना बड़ेसर जनपद गाजीपुर।

**पुलिस अधीक्षक**
**गाजीपुर**